हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

वीरवार, 19 नवम्बर, 2026/28, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 4

रिक्तियां

***3449 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 31 जुलाई, 2025 तक विभिन्न विभागों में विभिन्न श्रेणियों की कुल कितनी रिक्तियां हुईं; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में कितनी नौकरियां नियमित, अनुबंध तथा दैनिक वेतन भोगी आधार पर प्रदान की गई हैं; और

(ग) प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं आरम्भ की गईं तथा इन योजनाओं से कितने युवा लाभान्वित हुए हैं; ब्यौरा दें?

कृषक प्रमाण-पत्र

***4328 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में कृषक प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु एक समान एवं पारदर्शी व्यवस्था के अभाव में विभिन्न जिलों में अलग-अलग मापदण्ड अपनाए जा रहे हैं;

(ख) कृषक प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु निर्धारित पात्रता, नियम, शर्तें एवं मापदण्ड क्या हैं; इस संबंध में जिलावार सक्षम प्राधिकारी का ब्यौरा दें;

(ग) क्या एक ही परिवार के एक से अधिक सदस्यों को कृषक प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता है; यदि हां, तो इसके लिए लागू नियम, शर्तें एवं प्रक्रिया का ब्यौरा दें;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक जिलावार कितने कृषक प्रमाण-पत्र जारी किए गए तथा कितने आवेदन अस्वीकृत किए गए; अस्वीकृत आवेदनों के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या कृषक प्रमाण-पत्र के आधार पर कोई गैर-हिमाचली व्यक्ति प्रदेश में कृषि भूमि खरीद सकता है; यदि नहीं, तो ऐसे मामलों को रोकने हेतु सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं लागू कानूनी प्रावधानों का ब्यौरा दें?

ड्राफ्ट्समैन

***4549 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में ड्राफ्ट्समैन (सिविल) के कितने पद रिक्त हैं तथा इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा विभागवार दें?

पी0पी0पी0 पार्किंग परियोजनाएं

***4647 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में पर्यटन विभाग अथवा ए0डी0बी0 एवं अन्य सरकारी योजनाओं के तहत पार्किंग परिसंपत्तियों में से कितनी पार्किंग परियोजनाएं पी0पी0पी0 मोड पर लीज/कन्सेशन के आधार पर निजी संचालकों को दी गई हैं तथा इनमें से कितनी कार्यशील हैं;

इन पी0पी0पी0 पार्किंग परियोजनाओं का जिलावार एवं स्थानवार, संबंधित परियोजनावार, निजी संचालक का नामवार, लीज/कन्सेशन की अवधिवार ब्यौरा दें;

(ख) उक्त परियोजनाओं से सरकार को प्राप्त होने वाली निर्धारित लीज़ राशि, कन्सेशन फीस अथवा राजस्व हिस्सेदारी कितनी है तथा गत तीन वित्तीय वर्षों एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सरकार को वास्तव में प्राप्त राजस्व का परियोजनावार एवं वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) क्या पार्किंग परियोजनाओं में सरकार को देय लीज़ राशि, कन्सेशन फीस, राजस्व हिस्सेदारी अथवा अन्य देय राशि निर्धारित समयावधि के पश्चात भी लंबित है; यदि हां, तो परियोजनावार कितनी राशि लंबित है; और

(घ) सरकार को देय एवं लंबित राशि की वसूली हेतु अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा परियोजनाओं से निर्धारित राजस्व की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु निगरानी, लेखा-परीक्षण एवं वसूली की क्या व्यवस्था लागू है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

15 नवम्बर, 2026. **सचिव**